दोनों - राजन्! आचार्य जी के सन्देशवाहक हमें जल्दी करने को कहते हैं अर्थात् जल्दी से रामायण गान आरम्भ करने का संकेत कर रहे हैं।

राम - मुझे भी मुनि (ऋषि बाल्मीकि) के आदेश का सम्मान करना ही चहिए। जैसा कि -

आप दोनों (रामायण कथा के) गायक हैं। कवि भी (वाल्मीकि) पुराने और तपोनिधि हैं/तपस्वी हैं। वाणियों का यह संग्रह (रामायण काव्य) पहली बार पृथ्वी पर अवतरित/प्रकट हुआ है। भगवान् विष्णु की यह कथा निश्चय ही प्रशंसनीय है तथा यह सारा संयोग (गायक, कवि, काव्य तथा कथा आदि) निश्चय ही श्रोताओं को पवित्र और आनन्दित करने वाला है।

मित्र! (विदूषक), मनुष्यों में यह सरस्वती के अवतार (ऋषि बाल्मीकि) अद्भुत हैं। तो मैं (भी) मित्र जनों के समान ही (न कि राजा के समान) सुनना चाहता हूँ। सभी सभासदों को एकत्रित कर दीजिये। मेरे पास लक्ष्मण को भेज दीजिये। मैं भी इन दोनों के (लव व कुश के) देर तक आसन (गोद में) में बैठने से उत्पन्न थकान को टहलकर दूर करता हूँ। अर्थात् थोड़ा घूमकर आता हूँ। (इस प्रकार सभी (मंच से) निकल जाते हैं)

अभ्यासप्रश्नाः -

(I) एकपदेन उत्तरत-

(i) कः लवकुशौ रामायणगानाय त्वरयति?

(ii) रामेण अपि कः सम्माननीयः अस्ति?

(iii) व्रतनिधिः कः अस्ति?

(iv) रामः कथं रामायणगानं श्रोतुम् इच्छति?

(II) पूर्णवाक्येन उत्तरत-

(i) कः प्रथमं वसुमतीम् अवतीर्णः अस्ति?

(i) रामः विहरणं कृत्वा किम् अपनयति?

(III) यथानिर्देशमुत्तरत-

(i) 'इयती वेला' इत्यनयोः विशेष्यपदं किम्?

(ii) 'प्रशंसनीया' इत्यस्य किं पर्यायपदं श्लोके प्रयुक्तम्?

(iii) 'अपूर्वोऽयम्' इत्यत्र 'अयम्' इति सर्वनामपदं कस्मै प्रयुक्तम्?

(iv) 'पुनाति श्रोतारम्' इत्यत्र क्रियापदं किम्?

पञ्चमः पाठः

जननी तुल्यवत्सला

पाठपरिचय – महाभारत के वनपर्व की कथा से प्रस्तुत पाठ उद्धृत है। इस कथा के माध्यम से बताया गया है कि माँ की ममता अपनी सभी सन्तानों के लिए समान ही होती है। उसके लिए किसी छोटे, बड़े, कमजोर या शक्तिसम्पन्न में कोई भेद नहीं होता। वह भेद-बुद्धि से अपनी सन्तानों को प्रेम नहीं करती बल्कि जो पुत्र दुःखी है, उसके लिए स्वयं भी अधिक संवेदना रखती है। माता के लिए सभी एक समान हैं।

मूलपाठः – **कश्चित् कृषकः बलीवर्दाभ्यां क्षेत्रकर्षणं कुर्वन्नासीत्। तयोः बलीवर्दयोः एकः शरीरेण दुर्बलः जवेन गन्तुम - शक्तश्चासीत्। अतः कृषकः तं दुर्बलं वृषभं तोदनेन नुद्यमानः अवर्तत। सः वृषभः हलमूढ्वा गन्तुमशक्तः क्षेत्रे पपात। क्रुद्धः कृषीवलः तमुत्थापयितुं बहुवारम् यत्नमकरोत्। तथापि वृषः नोत्थितः। भूमौ पतिते स्वपुत्रं दृष्ट्वा सर्वधेनूनां मातुः सुरभेः नेत्राभ्यामश्रूणि आविरासन्। सुरभेरिमामवस्थां दृष्ट्वा सुराधिपः तामपृच्छत्-“अयि शुभे! किमेवं रोदिषि? उच्यताम्” इति। सा च ।**

विनिपातो न वः कश्चिद् दृश्यते त्रिदशाधिपः।
अहं तु पुत्रं शोचामि, तेन रोदिमि कौशिक!॥

पदार्थाः- क्षेत्रकर्षणम् (क्षेत्रस्य कर्षणम्)- खेत की जुताई। बलीवर्दाभ्याम् - बैलों से। जवेन - तीव्रगति से। नुद्यमानः (नुद् + शानच्) - हाँका जाता हुआ। उढ्वा (वह् + क्त्वा) - वहन करके/उठाकर। पपात (पत् + लिट् प्र.पु.ए.व.)- गिर गया। सुरभेरिमामवस्थाम् (सुरभेः + इमाम् + अवस्थाम्) - (गाय/सुरभि की इस अवस्था को। त्रिदशाधिपः - (त्रिदश + अधिपः) देवराज इन्द्र। कौशिकः - इन्द्र।

हिन्दी अनुवाद – कोई किसान दो बैलों से खेत की जुताई कर रहा था। उन दोनों बैलों में से एक शरीर से कमजोर बैल तीव्र गति से चलने में असमर्थ था। अतः किसान उस दुर्बल बैल को कष्ट देते हुये हाँक रहा था। वह बैल हल को वहन करके चलने में असमर्थ होकर खेत में गिर गया। क्रोधित किसान ने उसे बहुत बार उठाने का प्रयत्न किया। फिर भी बैल नहीं उठा। भूमि पर गिरे हुये अपने पुत्र को देखकर सभी गायों की माता सुरभि के नेत्रों से आँसू से आने लगे। सुरभि की इस अवस्था को देखकर देवराज (इन्द्र) ने उससे पूछा – अरे कल्याणकारिणी! ऐसे क्यों रो रही हो? 'बताओ'। वह (कहती है) – हे देवराज इन्द्र। मुझसे किसी का कष्ट नहीं देखा जाता। मैं तो उस पुत्र (वृषभ) के लिए सोच रही हूँ। हे इन्द्र! इसी कारण से मैं रो रही हूँ।

अभ्यासप्रश्नाः –

(I) **एकपदेन उत्तरत** –

(i) क्षेत्रकर्षणं कः करोति स्म?

(ii) कः दुर्बलः आसीत्?

(II) **पूर्णवाक्येन उत्तरत** –

(i) कुद्धः कृषीवलः किम् अकरोत्?

(ii) सुराधिपः सुरभिः किम् अपृच्छत्?

(III) **यथानिर्देशम् उत्तरत** –

(i) 'इन्द्र' इत्यस्य किं पर्यायपदम् अत्र प्रयुक्तम्?

(ii) 'पपात' इतिक्रियापदस्य कर्तृपदं किमस्ति?

(iii) 'अहं शोचामि' इत्यत्र 'अहं' इति सर्वनामपदस्थाने संज्ञापदं लिखत।

मूलपाठः – **“भो वासव! पुत्रस्य दैन्यं दृष्ट्वा अहं रोदिमि। सः दीन इति जानन्नपि कृषकः तं बहुधा पीडयति। सः**

कृच्छ्रेण भारमुद्वहति। इतरमिव धुरं वोढुं सः न शक्नोति। एतत् भवान् पश्यति न?" इति प्रत्यवोचत्। "भद्रे! नूनम्। सहस्राधिकेषु पुत्रेषु सत्स्वपि तव अस्मिन्नेव एतादृशं वात्सल्यं कथम्?" इति इन्द्रेण पृष्टा सुरभिः प्रत्यवोचत् -

यदि पुत्रसहस्रं मे सर्वत्र सममेव मे।
दीनस्य तु सतः शक्र! पुत्रस्याभ्यधिका कृपा।

"बहून्यपत्यानि मे सन्तीति सत्यम्। तथाप्यहमेतस्मिन् पुत्रे विशिष्य आत्मवेदनामनुभवामि। यतो हि अयमन्येभ्यो दुर्बलः। सर्वेष्वपत्येषु जननी तुल्यवत्सला एव। तथापि दुर्बले सुते मातुः अभ्यधिका कृपा सहजैव इति। सुरभिवचनं श्रुत्वा भृशं विस्मितस्याखण्डलस्यापि हृदयमद्रवत्। स च तामेवमसान्त्वयत् - गच्छ वत्से! सर्व भद्रं जायेत।"

अचिरादेव चण्डवातेन मेघरवैश्च सह प्रवर्षः समजायत। पश्यतः एव सर्वत्र जलोप्लवः सञ्जातः। कृषकः हर्षतिरेकेण कर्षणाविमुखः सन् वृषभौ नीत्वा गृहमगात्॥

अपत्येषु च सर्वेषु जननी तुल्यवत्सला।
पुत्रे दीने तु सा माता कृपार्द्रहृदया भवेत्॥

पदार्थाः- वासवः - इन्द्र। कृच्छ्रेण - कठिनता से। धुरम् - धुरी को। (प्रत्यवोचत् (प्रति + अवोचत्) कहा। भद्रे - कल्याण कारिणी। सत्स्वपि (सत्सु + अपि) - होते हुये भी। बहून्यपत्यानि (बहूनि अपत्यानि) बहुत से पुत्र। आत्मवेदनाम् - आत्मीय पीड़ा को। भृशम् - अत्यधिक। मेघरवैः (मेघानां रवः तैः)- बादलों की गर्जना से। जलोप्लवः (जलस्य उप्लवः) - जल का भराव। कर्षणाविमुखः (कर्षणेन विमुखः) खेती के कार्य से विमुख। अगात् (गम् + लुङ् प्र.पु.ए.व.) - गया।

हिन्दी अनुवाद - हे इन्द्र! पुत्र की दीनता को देखकर मैं रो रही हूँ। वह दुःखी है यह जानते हुये भी किसान उसे बहुत पीड़ित कर रहा है। वह कष्टपूर्वक भार ढो रहा है। दूसरों के समान वह धुरी/जुआ को वहन नहीं कर सकता। क्या आप यह नहीं देख रहे हैं? ऐसा (सुरभि ने) कहा।

"हे कल्याणकारिणी! निश्चय ही हजार पुत्रों के होते हुये भी तुम्हारी इसी (पुत्र) पर ऐसी ममता किसलिए है?'' इन्द्र के ऐसा पूछने पर सुरभि ने उत्तर दिया -

''यदि मेरे हजार पुत्र हैं, तब भी सभी जगह वे मेरे लिए समान ही हैं। हे इन्द्र! (सभी से अधिक) दीन पुत्र के लिए माता की अधिक कृपा रहती है।''

''मेरी बहुत सन्तानें हैं, यह सत्य है। फिर भी मैं इस पुत्र के लिए आत्मीय पीड़ा का अनुभव कर रही हूँ। क्योंकि यह अन्य से कमज़ोर है। माता (अपनी) सभी सन्तानों पर समान ममता रखती है। फिर भी कमज़ोर पुत्र पर माता की अधिक कृपा रहना सहज ही है।'' सुरभि के इन शब्दों को सुनकर अत्यधिक विस्मित इन्द्र का हृदय भी द्रवित हो गया। तथा उसने (सुरभि को) सान्त्वना देते हुए कहा - ''हे पुत्री! जाओ। सबका कल्याण होगा।''

शीघ्र ही प्रचण्ड वायु तथा बादलों की गर्जना के साथ वर्षा हुई। देखते ही देखते सभी जगह जल का भराव हो गया। किसान अधिक हर्ष के कारण खेत जोतने कें कार्य से विमुख होकर बैलों को लेकर घर आ गया।

सभी सन्तानों के प्रति माता का प्रेम समान होता है। (परन्तु) दीन पुत्र के लिए माता का हृदय करुणामयी होता है।''

अभ्यासप्रश्नाः -

(I) **एकपदेन उत्तरत-**

(i) पुत्रस्य दीनदशां दृष्ट्वा का रोदिति?

(ii) वृषभः किं न कर्तुं शक्नोति?

(II) **पूर्ववाक्येन उत्तरत-**

(i) सर्वेषु अपत्येषु मातुः वात्सल्यं कथं भवति?

(ii) कृषकः हर्षातिरेकेण किम् अकरोत्?

(III) **यथानिर्देशम् उत्तरत -**

(i) 'कष्टेन' इत्यस्य किं पर्यायपदम् अत्र प्रयुक्तम्?

(ii) 'न्यूना' इत्यस्य किं विपर्ययपदम् अत्र प्रयुक्तम्?

(iii) 'अनुभवामि' इति क्रियापदस्य कर्तृपदं किम् अस्ति?

षष्ठः पाठः

सुभाषितानि

पाठपरिचय : – 'सु-भाषित' का अर्थ है – अच्छे वचन। संस्कृत साहित्य में ऐसे श्लोकों का भण्डार है, जो बहुत ही कम शब्दों में व्यक्ति के मन पर प्रभाव डालते हैं। इस पाठ में विभिन्न ग्रन्थों में उद्धृत ऐसे श्लोकों का संग्रह है, जो गागर में सागर के समान जीवनमूल्यों से भरपूर हैं।

श्लोकः – **आलस्यं हि मनुष्याणां शरीरस्थो महान् रिपुः ।**
नास्त्युद्यमसमो बन्धुः कृत्वा यं नावसीदति ॥1॥

अन्वयः – आलस्यं मनुष्याणां शरीरस्थो महान् रिपुः, उद्यमसमो बन्धुः नास्ति, हि यं कृत्वा (मनुष्यः) न अवसीदति।

पदार्थाः – शरीरस्थो – शरीरे स्थितः। रिपुः – शत्रुः। नास्त्युिद्यमसमो – न + अस्ति + उद्यमसमो। नावसीदति – न + अवसीदति। अवसीदति – दुःख पाता है।

हिन्दी अनुवाद – आलस्य मनुष्य के शरीर में स्थित उसका सबसे बड़ा शत्रु है। परिश्रम के समान कोई मित्र नहीं है, जिसको करके मनुष्य अवसाद से ऊपर उठ जाता है।

अभ्यासप्रश्नाः –

(I) **एकपदेन उत्तरत** –
- (i) महान् शत्रुः कः?
- (ii) केन समं बन्धुः न अस्ति?

(II) **पूर्णवाक्येन उत्तरत** –
- (i) किं कृत्वा नरः न अवसीदति?
- (ii) आलस्यरूपी रिपुः कुत्र तिष्ठति?

(III) **यथानिर्देशं प्रश्नान् उत्तरत** –
- (i) 'शरीरस्थः रिपुः' इत्यनयोः किं विशेषणपदम्?
- (ii) 'मित्रम्' इति पदस्य विलोमपदं लिखत।
- (iii) 'परिश्रमम्' इति पदस्य पर्यायपदं लिखत।
- (iv) श्लोकेऽस्मिन् किम् अव्ययपदं प्रयुक्तम्?

श्लोकः – **गुणी गुणं वेत्ति न वेत्ति निर्गुणो, बली बलं वेत्ति न वेत्ति निर्बलः ।**
पिको वसन्तस्य गुणं न वायसः, करी च सिंहस्य बलं न मूषकः ॥2॥

अन्वयः – गुणी गुणं वेत्ति, निर्गुणः न वेत्ति, बली बलं वेत्ति निर्बलः न वेत्ति, वसन्तस्य गुणं पिकः (वेत्ति) वायसः न, सिंहस्य बलं करी (वेत्ति) मूषकः न।

पदार्थाः – वेत्ति – (जानाति) जानता है। निर्गुणः – (नास्ति गुणः यस्मिन्) गुणहीन। निर्बलः –(नास्ति बलं यस्मिन्) बलहीन। वायसः – (काकः) कौआ। करी – (गजः) हाथी। पिकः – कोयल।

हिन्दी अनुवाद – गुणवान् ही गुणों को जानता है (पहचानता है), गुणहीन नहीं। बलवान् ही बल को पहचानता है, बलहीन नहीं। बसन्त के गुण कोयल ही पहचान सकता है, कौआ नहीं और शेर की ताकत को हाथी ही जान सकता है, चूहा नहीं। अर्थात् योग्य व्यक्ति ही योग्यता की पहचान कर सकता है। अयोग्य में इतनी क्षमता नहीं होती है कि वे किसमें कितना गुण है, कितनी विद्या है या कितनी शक्ति है, इसकी पहचान कर सकें।

अभ्यासप्रश्नाः –

(I) **एकपदेन उत्तरत** –
- (i) गुणी कं वेत्ति ?
- (ii) कः बलं न वेत्ति?

(II) **पूर्णवाक्येन उत्तरत–**

(i) कः वसन्तस्य गुणं जानाति?

(ii) मूषकः किं न जानाति?

(III) **यथानिर्देशं प्रश्नान् उत्तरत–**

(i) 'जानाति' इति क्रियापदस्य समानार्थकं श्लोके किम्?

(ii) 'दोषः' इति पदस्य विलोमपदं श्लोकात् चित्वा लिखत।

श्लोकः - **निमित्तमुद्दिश्य हि यः प्रकुप्यति, ध्रुवं स तस्यापगमे प्रसीदति ।**
अकारणद्वेषि मनस्तु यस्य वै, कथं जनस्तं परितोषयिष्यति ॥3॥

अन्वयः - यः निमित्तं उद्दिश्य प्रकुप्यति तस्य अपगमे सः ध्रुवं प्रसीदति (परं) यस्य मनः अकारणद्वेषि, जनः तं कथं परितोषयिष्यति?

पदार्थाः - निमित्तम् - (कारणम्) कारण। प्रकुप्यति - (प्रकर्षेण कुप्यति) बहुत अधिक क्रोध करता है। ध्रुवम् - निश्चयेन (अव्यय) निश्चय ही। तस्यापगमे - (तस्य अपगमे) उसके दूर होने पर। प्रसीदति - प्रसन्न होता है। अकारणद्वेषि (यः कारणं विनैव द्वेषं करोति) जो विना कारण के ईर्ष्या करता है। मनस्तु - मनः + तु। जनस्तम् - जनः + तम्। परितोषयिष्यति - प्रसन्न करेगा।

हिन्दी अनुवाद - जो व्यक्ति किसी कारणवश किसी पर क्रुद्ध होता है, वह उस कारण के समाप्त होने पर प्रसन्न भी हो जाता है लेकिन जिस व्यक्ति का स्वभाव विना किसी कारण के द्वेष करने वाला होता है, लोग उसे किस भाँति प्रसन्न (सन्तुष्ट) कर पायेंगे?

अभ्यासप्रश्नाः -

(I) **एकपदेन उत्तरत** -

(i) कम् उद्दिश्य जनः प्रकुप्यति?

(ii) असन्तुष्टानां मनः कीदृशम्?

(II) **पूर्णवाक्येन उत्तरत** -

(i) कः निमित्तस्य अपगमे प्रसीदति?

(ii) कस्य सन्तुष्टीकरणं कठिनम्?

(III) **यथानिर्देशं प्रश्नान् उत्तरत** -

(i) 'कथं जनाः तं परितोषयन्ति' इत्यस्मिन् वाक्ये 'तम्' इति सर्वनामपदं कस्मै प्रयुक्तम्?

(ii) 'निश्चयेन' इति अर्थे किम् अव्ययं प्रयुक्तम्?

श्लोकः - **उदीरितोऽर्थः पशुनापि गृह्यते, हयाश्च नागाश्च वहन्ति बोधिताः।**
अनुक्तमप्यूहति पण्डितो जनः, परेङ्गितज्ञानफला हि बुद्धयः ॥4॥

अन्वयः - पशुना अपि उदीरितः अर्थः गृह्यते, बोधिताः हयाः नागाः च वहन्ति। पण्डितोजनः अनुक्तम् अपि ऊहति, हि बुद्धयः परेङ्गितज्ञानफलाः।

पदार्थाः - उदीरितोऽर्थः - (उदीरितः + अर्थः), उदीरितः - कहा गया। गृह्यते - (प्राप्यते) प्राप्त किया जाता है। हयाश्च - (हयाः + च)। हयाः - घोड़े। नागाश्च - (नागाः + च) हाथी। अनुक्तमप्यूहति - अनुक्तम् + अपि + ऊहति। परेङ्गितः - पर इङ्गितः। इङ्गितज्ञानफला - (इङ्गितज्ञानमेव फलं यस्याः ताः) सङ्केतों को समझने वाला। अनुक्तम् - (न उक्तम्) नहीं कहा गया। ऊहति - तार्किक ढंग से निर्धारण करता है।

हिन्दी अनुवाद - कही गयी बात का (सामान्य) अर्थ पशुओं के द्वारा भी समझा जाता है। समझाये जाने पर घोड़े और हाथी भी भार वहन करते हैं। पण्डित (बुद्धिमान/विवेकी) व्यक्ति नहीं कही गयी (अन्यथा कही गयी भी) भी समझ लेते हैं क्योंकि उनकी बुद्धि दूसरों के संकेतों को भी आसानी से ग्रहण कर लेती है।

अभ्यासप्रश्नाः -

(I) एकपदेन उत्तरत -

(i) पशुना कीदृशः अर्थः गृह्यते?

(ii) हयाश्च नागाश्च कथं वहन्ति?

(II) पूर्णवाक्येन उत्तरत -

(i) पण्डितः जनः किं करोति?

(ii) बुद्धयः कीदृश्यः?

(III) यथानिर्देशं प्रश्नान् उत्तरत -

(i) 'पण्डितो जनः' इत्यनयोः पदयोः किं विशेषणपदम्?

(ii) 'कथितः' इति अर्थे श्लोके किं पदं प्रयुक्तम्?

(iii) 'हयाश्च......वहन्ति बोधिताः' इत्यस्मिन् वाक्ये किं क्रियापदम्?

(iv) 'अनुक्तमप्यूहति पण्डितो जनः' इत्यस्मिन् वाक्ये किं कर्तृपदम्?

श्लोकः - **क्रोधो हि शत्रुः प्रथमो नराणां, देहस्थितो देहविनाशनाय ।**
यथास्थितः काष्ठगतो हि वह्निः, स एव वह्निर्दहते शरीरम्॥5॥

अन्वयः - नराणां देहविनाशनाय देहस्थितः क्रोधः प्रथमः शत्रुः यथा काष्ठगतः स्थितः वहिनः (काष्ठमेव) दहते, (तथैव शरीरस्थः क्रोधः) शरीरं दहते।

पदार्थाः - देहविनाशनाय - (देहस्य विनाशनाय) देह के विनाश के लिए। देहस्थितो - (देहे स्थितः) शरीर में स्थित। काष्ठगतो - (काष्ठं गतः) लकड़ी में विद्यमान। दहते - (ज्वालयति) जलाती है।

हिन्दी अनुवाद - लोगों के शरीर को नष्ट करने के लिए शरीर के अन्दर स्थित क्रोध ही पहला शत्रु है। जिस प्रकार लकड़ी के भीतर की अग्नि लकड़ी को ही जला देती है, उसी प्रकार शरीर के भीतर विद्यमान क्रोध मनुष्य के शरीर को जला डालता है।

अभ्यासप्रश्नाः -

(I) एकपदेन उत्तरत -

(i) केषां प्रथमः शत्रुः क्रोधः?

(ii) शरीरं कः दहति?

(II) पूर्णवाक्येन उत्तरत -

(i) काष्ठगतः वहिनः किं करोति?

(ii) क्रोधः किं दहते?

(III) यथानिर्देशं प्रश्नान् उत्तरत -

(i) 'काष्ठगतः वहिनः' इत्यनयोः पदयोः किं विशेष्यपदम्?

(ii) 'अग्निः' इति पदस्य समानार्थकपदं श्लोकात् चित्वा लिखत।

(iii) 'मित्रम्' इति पदस्य विलोमपदं लिखत।

(iv) श्लोकेऽस्मिन् किं क्रियापदं प्रयुक्तम्?

श्लोकः - **मृगा मृगैः सङ्गमनुव्रजन्ति, गावश्च गोभिः तुरगास्तुरङ्गैः ।**
मूर्खाश्च मूर्खैः सुधियः सुधीभिः, समान-शील-व्यसनेषु सख्यम् ॥6॥

अन्वयः - मृगाः मृगैः सह, गावश्च गोभिः सह, तुरगाः तुरङ्गैः सह, मूर्खाः मूर्खैः सह, सुधियः सुधीभिः सह अनुव्रजन्ति। समानशीलव्यसनेषु सख्यं (भवति)।

पदार्थाः - मूर्खाश्च - मूर्खाः + च। तुरगास्तुरङ्गैः - (तुरगाः + तुरङ्गैः)। सुधियः + विद्वांसः। तुरगाः - (अश्वाः) घोड़े। सख्यम् -

मैत्री। गावश्च – गावः + च। समानशीलव्यसनेषु – समान चरित्र और आदतों वालों में।

हिन्दी अनुवाद – हरिण हरिणों के साथ, गाय गायों के साथ, घोड़े घोड़ों के साथ, मूर्ख मूर्खो के साथ और विद्वान् विद्वानों के साथ रहते हैं। मित्रता समान चरित्र और आदतों वालों में ही होती है।

अभ्यासप्रश्नाः –

(I) **एकपदेन उत्तरत** –

(i) के मृगैः सह अनुव्रजन्ति?

(ii) सुधीभिः सह के तिष्ठन्ति?

(II) **पूर्णवाक्येन उत्तरत** –

(i) केषु सख्यं भवति?

(ii) तुरगाः कैः सह अनुव्रजन्ति?

(III) **यथानिर्देशं प्रश्नान् उत्तरत** –

(i) 'विद्वांसः' इत्यर्थे श्लोके किं पदं प्रयुक्तम्?

(ii) 'शत्रुता' इति पदस्य विलोमपदं श्लोकात् चित्वा लिखत।

श्लोकः – **सेवितव्यो महावृक्षः फलच्छायासमन्वितः ।**
यदि दैवात् फलं नास्ति छाया केन निवार्यते॥7॥

अन्वयः – फलच्छायासमन्वितः महावृक्षः सेवितव्यः (यतः) दैवात् यदि फलं नास्ति, छाया केन निवार्यते?

पदार्थाः – सेवितव्यो – (सेव् + तव्यत्) सेवन करना चाहिए। महावृक्षः (महान् च असौ वृक्षः) बड़ा वृक्ष। फलच्छाया – (फल + छाया)। फलच्छायासमन्वितः – (फलेन छायया च समन्वितः)। दैवात् – (भाग्यात्) भाग्य से। निवार्यते– रोका जाता है।

हिन्दी अनुवाद – फल और छाया से युक्त बड़े वृक्ष का ही सेवन करना चाहिए। यदि भाग्यवश उसमें फल नहीं भी लगे हों तो उनकी छाया को कौन रोक सकता है? अर्थात् गुणवानों की संगति में रहने से सदैव उपकार ही होता है। चाहे उनके पास धन हो या नहीं।

अभ्यासप्रश्नाः –

(I) **एकपदेन उत्तरत** –

(i) कः सेवितव्यः?

(ii) कस्मात् फलं नास्ति?

(II) **पूर्णवाक्येन उत्तरत** –

(i) कीदृशः वृक्षः सेवितव्यः?

(ii) वृक्षात् किं न निवार्यते?

(III) **यथानिर्देशं प्रश्नान् उत्तरत** –

(i) 'भाग्यात्' इति पदस्य किं पर्यायपदम्?

(ii) 'वियुक्तः' इति पदस्य किं विलोमपदम्?

श्लोकः – **अमन्त्रमक्षरं नास्ति, नास्ति मूलमनौषधम् ॥**
अयोग्यः पुरुषः नास्ति योजकस्तत्र दुर्लभः॥8॥

अन्वयः – अमन्त्रम् अक्षरं न अस्ति, अनौषधम् मूलं न अस्ति, अयोग्यः पुरुषः न अस्ति तत्र योजकः दुर्लभः।

पदार्थाः – अमन्त्रम् – (न मन्त्रम्) मन्त्रहीन। अनौषधम् – (न औषधम्) औषधिरहित। अयोग्यः – (न योग्यः) योग्यता हीन। योजकः – (यः योजयति सः) जोड़ने वाला। मन्त्रः – (मन्त्र + अच्) मन्त्रणा करने योग्य। योजकस्तत्र – (योजकः + तत्र)

हिन्दी अनुवाद – कोई अक्षर ऐसा नहीं होता, जो अर्थहीन हो (जिस पर विचार नहीं किया जा सकता हो), कोई जड़ ऐसी नहीं जिसमें औषधि तत्व न हो, कोई पुरुष योग्यता विहीन नहीं होता, बस उन्हें जोड़ने वाला दुर्लभ होता है।

अर्थात् शब्दों को अर्थविहीन या उपयोगिता विहीन सोचकर उसे अनदेखा नहीं करना चाहिए क्योंकि शब्दों में अनेक प्रासङ्गिक अर्थ हो सकते हैं। किसी भी पेड़ के किसी हिस्से को (खासकर जड़ को) अनुपयोगी नहीं समझना चाहिए क्योंकि सभी जड़ों में औषधि तत्त्व होता है। बस उसे पहचानने वाला होना चाहिए। इसी तरह कोई भी ऐसा मनुष्य जन्म नहीं लेता, जिसमें कोई न कोई क्षमता न हो। बस उस अन्तर्निहित क्षमता को पहचानकर उस दिशा में आगे बढ़ने की आवश्यकता होती है। यहाँ 'योजक' से तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है, जो मनुष्य में उसका गुण पहचान सके।

अभ्यासप्रश्नाः -

(I) एकपदेन उत्तरत -

(i) कीदृशम् अक्षरं नास्ति?

(ii) औषधियुक्तं किम् अस्ति?

(II) पूर्णवाक्येन उत्तरत -

(i) संसारे कीदृशः पुरुषः न भवति?

(ii) अस्मिन् संसारे कः दुर्लभः?

(III) यथानिर्देशं प्रश्नान् उत्तरत -

(i) 'योग्यः' इति पदस्य विलोमपदं श्लोकात् चित्वा लिखत।

(ii) 'दुःखेन लब्धुं शक्यः' इत्यर्थे श्लोके किं पदं प्रयुक्तम्?

(iii) 'अनौषधं मूलम्' इत्यनयोः पदयोः किं विशेषणपदम्?

(iv) 'अयोग्यः पुरुषः नास्ति' इत्यस्मिन् वाक्ये किं क्रियापदम्?

श्लोकः -

सम्पत्तौ च विपत्तौ च महतामेकरूपता ।
उदये सविता रक्तो रक्तश्चास्तमये तथा॥७॥

अन्वयः - महतां सम्पत्तौ विपत्तौ च एकरूपता (भवति), यथा सविता उदये रक्तः भवति तथा च अस्तमये रक्तः भवति।

पदार्थाः - सम्पत्तौ - (सम्पत्ति - सप्तमी एकवचन) सम्पत्ति में। विपत्तौ - (विपत्ति - सप्तमी एकवचन) विपत्ति में। सविता - सूर्यः। अस्तमये - अस्त होने के समय। रक्तश्चास्तमये - रक्तः + च + अस्तमये।

हिन्दी अनुवाद - महान् व्यक्ति का स्वभाव सम्पत्ति (समृद्धि) और विपत्ति (कठिनाइयों) में एक जैसा रहता है। जैसे उदय-कालीन सूर्य भी लाल होता है और अस्ताचलगामी सूर्य भी लाल होता है।

अर्थात् धैर्य महान् व्यक्तियों का स्वाभाविक गुण होता है जो उन्हें सुख और दुःख में समानरूप से स्थिर रखता है। वे न खुशी के अतिरेक से मतवाले होते हैं और न दुःख के समय कातर और अधीर।

अभ्यासप्रश्नाः -

(I) एकपदेन उत्तरत -

(i) कः उदये रक्तः भवति?

(ii) सर्वस्मिन् काले केषाम् एकरूपता भवति?

(II) पूर्णवाक्येन उत्तरत-

(i) महतां कदा एकरूपता भवति?

(ii) उदयकाले अस्तसमये च सवितुः वर्णः कीदृशः भवति?

(III) यथानिर्देशं प्रश्नान् उत्तरत-

(i) 'उदयः' इतिपदस्य विलोमपदं किम्?

(ii) 'रक्तः सविता' इत्यनयोः पदयोः किं विशेषणपदम्?

(iii) श्लोकात् चित्वा एकम् अव्ययपदं लिखत।

श्लोक: - **विचित्रे खलु संसारे नास्ति किञ्चिन्निरर्थकम् ।**
अश्वश्चेद् धावने वीरः भारस्य वहने खरः ॥10॥

अन्वय: - विचित्रे संसारे खलु किञ्चित् निरर्थकं नास्ति। अश्वः धावने वीरः चेत्, खरः भारस्य वहने (वीरः) अस्ति।

पदार्था: - किञ्चिन्निरर्थकम् - किम् + चित् + निरर्थकम्। अश्वश्चेद् - अश्वः + चेद्। चेत् - यदि। खरः - गधा।

हिन्दी अनुवाद - इस विचित्र संसार में कुछ भी अर्थविहीन नहीं है। यदि घोड़ा दौड़ने में वीर है तो भार ढोने में गधा भी उतना ही वीर है। अर्थात् इस संसार में आये सभी प्राणियों की अपने-अपने क्षेत्र में कुशलता होती है।

अभ्यासप्रश्ना: -

(I) एकपदेन उत्तरत -

(i) धाावने कः वीरः भवति?

(ii) खरः कस्मिन् वीरः अस्ति?

(II) पूर्णवाक्येन उत्तरत -

(i) कुत्र किमपि निरर्थकं नास्ति?

(III) यथानिर्देशं प्रश्नान् उत्तरत-

(i) 'गर्दभः' इतिपदस्य पर्यायपदं श्लोकात् चित्वा लिखत।

(ii) 'सार्थकम्' इतिपदस्य विलोमपदं श्लोकात् चित्वा लिखत।

(iii) 'अश्वश्चेद् धावने वीरः' इत्यस्मिन् वाक्ये किं कर्तृपदम्?

(iv) 'विचित्रे.................निरर्थकम्' इत्यस्मिन् वाक्ये किं क्रियापदम्?

सप्तमः पाठः

सौहार्दं प्रकृतेः शोभा

पाठ-परिचय - प्रस्तुत पाठ में एक कथा के माध्यम से परस्पर प्रीति और सद्भाव का सन्देश दिया गया है। स्वयं को श्रेष्ठ मान लेना ही पर्याप्त नहीं है अपितु सबके हित के लिए विचार करने से ही श्रेष्ठ बना जा सकता है। सृष्टि में सभी प्राणियों का अपना-अपना महत्त्व है। हम सभी किसी न किसी रूप में एक-दूसरे पर आश्रित हैं अतः आपसी सहयोग से ही हमारा कल्याण सम्भव है।

मूलपाठः - **(वनस्य दृश्यम्, समीपे एवैका नदी अपि वहति।) एकः सिंहः सुखेन विश्राम्यते तदैव एकः वानरः आगत्य तस्य पुच्छं धुनोति। क्रुद्धः सिंहः तं प्रहर्तुमिच्छति परं वानरस्तु कूर्दित्वा वृक्षमारूढः। तदैव अन्यस्मात् वृक्षात् अपरः वानरः सिंहस्य कर्णमाकृष्य पुनः वृक्षोपरि आरोहति। एवमेव वानराः वारं वारं सिंहं तुदन्ति। क्रुद्धः सिंहः इतस्ततः धावति, गर्जति परं किमपि कर्तुमसमर्थः एव तिष्ठति। वानराः हसन्ति वृक्षोपरि च विविधाः पक्षिणः अपि सिंहस्य एतादृशीं दशां दृष्ट्वा हर्षमिश्रितं कलरवं कुर्वन्ति।**

निद्राभङ्गदुःखेन वनराजः सन्नपि तुच्छजीवैः आत्मनः एतादृश्या दुरवस्थया श्रान्तः सर्वजन्तून् दृष्ट्वा पृच्छति -

सिंहः - (क्रोधेन गर्जन्) भोः! अहं वनराजः। किं भयं न जायते? किमर्थं मामेवं तुदन्ति सर्वे मिलित्वा?

एकः वानरः - यतः त्वं वनराजः भवितुं तु सर्वथाऽयोग्यः। राजा तु रक्षकः भवति परं भवान् तु भक्षकः। अपि च स्व रक्षायामपि समर्थः नासि तर्हि कथमस्मान् रक्षिष्यसि?

अन्यः वानरः- किं न श्रुतां त्वया पञ्चतन्त्रोक्तिः -

यो न रक्षति वित्रस्तान् पीड्यमानान्परैः सदा।
जन्तून् पार्थिवरूपेण स कृतान्तो न संशयः ॥

काकः - आम् सत्यं कथितं त्वया। वस्तुतः वनराजः भवितुं तु अहमेव योग्यः।

पिकः - (उपहसन्) कथं त्वं योग्यः वनराजः भवितुं, यत्र तत्र 'का-का' इति कर्कशध्वनिना वातावरणमाकुलीकरोषि। न रूपं न ध्वनिरस्ति । कृष्णवर्णं, मेध्यामेध्यभक्षकं त्वां कथं वनराजं मन्यामहे वयम्?

पदार्थाः - धुनोति (धुञ् + लट्, प्र.पु.ए.व.) घुमा देता है। प्रहर्तुम् (प्र +हृ + तुमुन्) हरण करने के लिए/पकड़ने के लिए। आकृष्य (आ + कृष् + ल्यप्) खींचकर। दृष्ट्वा (दृश् + क्त्वा) देखकर। निद्राभङ्गदुःखेन (निद्रायाः भङ्गः तस्य दुखः, तेन) नींद टूटने के दुःख से। तुच्छजीवैः (तुच्छाः च ते जीवाः तैः) छोटे जीवों के द्वारा। वित्रस्तान् (वि + त्रस्तान्) भयभीतों को। कृतान्तः (कृतः अन्तः येन सः) यमराज। उपहसन् (उप + हस् + शतृ) उपहास करते हुये। मेध्यामेध्यं (मेध्य + अमेध्यम्, मेध् + यत्) पवित्र-अपवित्र (सब)।

हिन्दी अनुवाद - (वन का दृश्य है) पास में ही एक नदी भी बह रही हैं) एक शेर सुखपूर्वक विश्राम कर रहा है। तभी एक बन्दर आकर उसकी पूँछ को घुमा देता है। क्रोधित शेर उसे पकड़ना चाहता है परन्तु बन्दर तो कूदकर पेड़ पर चढ़ जाता है। तभी (किसी) दूसरे वृक्ष से दूसरा बन्दर उस शेर का कान खींचकर पुनः वृक्ष पर चढ़ जाता है। इसी प्रकार बन्दर बार-बार शेर को परेशान करते हैं। क्रोधित शेर इधर-उधर दौड़ता है। वह गर्जना तो करता है परन्तु कुछ भी न कर पाने के कारण बैठ जाता है।

बन्दर हँसते हैं तथा शेर की ऐसी दशा को देखकर वृक्ष पर बैठे अनेक पक्षी भी प्रसन्नतायुक्त कलरव करते हैं। नींद टूट जाने से दुखी, वनराज होते हुये भी छोटे-छोटे जीवों के द्वारा अपनी इस प्रकार की बुरी दशा वाला, थका हुआ (शेर) सभी प्राणियों को देखकर पूछता है -

सिंह - (क्रोधपूर्वक दहाड़ते हुए) अरे! मैं जंगल का राजा हूँ। क्या डर नहीं लगता? सभी मिलकर मुझे क्यों परेशान कर रहे हो?

एक वानर - क्योंकि तुम जंगल का राजा बनने के लिए सर्वथा अयोग्य हो। राजा तो रक्षक होता है परन्तु आप तो भक्षक हो। जब अपनी रक्षा करने में भी समर्थ नहीं हो, तो हमारी रक्षा कैसे करोगे?

अन्य वानर - क्या तुमने पञ्चतन्त्र की (यह) उक्ति नहीं सुनी है -

जो सदा भयभीत तथा दूसरों द्वारा पीड़ितों की रक्षा नहीं करता है, वह प्राणियों का अन्त करने वाला देहधारी यमराज है, इसमें कोई सन्देह नहीं है।

कौआ - हाँ, तुमने सच ही कहा - वास्वत में तो मैं ही जंगल का राजा बनने योग्य हूँ।

कोयल -(उपहास करते हुए) तुम कैसे योग्य वनराज बन सकते हो? जहाँ कहीं भी 'काँव-काँव' ऐसी कर्कश आवाज से वातावरण को व्याकुल (अशान्त) कर देते हो। न तो रूप है (और) न ही आवाज है। (एक तो) काला रंग (उपर से) पवित्र-अपवित्र खाने वाले तुम्हें हम कैसे जंगल का राजा मानें?

अभ्यासप्रश्नाः -

(I) एकपदेन उत्तरत -

(i) कः सुःखेन विश्राम्यते?

(ii) वानरं कं धुनोति?

(II) पूर्णवाक्येन उत्तरत -

(i) यः त्रस्तान् न रक्षति सः किं कथ्यते?

(ii) पिकः काकं वनराजरूपेण कथं न स्वीकरोति?

(III) यथानिर्देशं उत्तरत -

(i) 'असमर्थः' इत्पस्य किं विपर्ययपदम् अत्र प्रयुक्तम्?

(ii) 'कथं त्वं योग्यः वनराजः' इत्यत्र 'त्वं' इति सर्वनामपदं कस्मै प्रयुक्तम्?

(iii) 'अवस्थाम्' इत्यर्थे किं पर्यायपदम् अत्र प्रयुक्तम्?

मूलपाठः - **काकः - अरे! अरे! किं जल्पसि? यदि अहं कृष्णवर्णः तर्हि त्वं किं गौराङ्गः? अपि च विस्मर्यते किं यत् मम सत्यप्रियता तु जनानां कृते । उदाहरणस्वरूपा -'अनृतं वदसि चेत् काकः दशेत् इति प्रकारेण। अस्माकं परिश्रमः ऐक्यं च विश्वप्रथितम् अपि च काकचेष्टः विद्यार्थी एव आदर्शच्छात्रः मन्यते।**

पिकः - अलम् अलम् अतिविकत्थनेन। किं विस्मर्यते यत् -

काकः कृष्णः पिकः कृष्णः को भेदः पिककाकयोः।
वसन्तसमये प्राप्ते काकः काकः पिकः पिकः॥

काकः - रे परभृत्! अहं यदि तव सन्ततिं न पालयामि तर्हि कुत्र स्युः पिकाः? अतः अहम् एव करुणापरः पक्षिसम्राट् काकः।

गजः- समीपतः एवागच्छन्। अरे! अरे! सर्वा वार्ता शृण्वन्नेवाहम् अत्रागच्छम्। अहं विशालकायः, बलशाली, पराक्रमी च। सिंहः वा स्यात् अथवा अन्यः कोऽपि। वन्यपशून् तु तुदन्तं जन्तुमहं स्वशुण्डेन पोषयित्वा मारयिष्यामि। किमन्यः कोऽप्यस्ति एतादृशः पराक्रमी। अतः अहमेव योग्यः वनराजपदाय।

वानरः - अरे! अरे! एवं वा (शीघ्रमेव गजस्यापि पुच्छं विधूय वृक्षोपरि आरोहति।)

(गजः तं वृक्षमेव स्वशुण्डेन आलोडयितुमिच्छति परं वानरस्तु कूर्दित्वा अन्यं वृक्षमारोहति। एवं गजं वृक्षात् वृक्षं प्रति धावन्तं दृष्ट्वा सिंहः अपि हसति वदति च।)

सिंहः - भोः गज! मामप्येवमेवातुदन् एते वानराः।

वानरः - एतस्मादेव तु कथयामि यदहमेव योग्यः वनराजपदाय येन विशालकायं पराक्रमिणं, भयङ्करं चापि सिहं गजं वा पराजेतुं समर्था अस्माकं जातिः। अतः वन्यजन्तूनां रक्षायै वयमेव क्षमाः॥

(एतत्सर्वं श्रुत्वा नदीमध्यः एकः बकः)

बकः - अरे! अरे! मां विहाय कथमन्यः कोऽपि राजा भवितुमर्हति अहं तु शीतले जले बहुकालपर्यन्तम् अविचलः ध्यानमग्नः स्थितप्रज्ञ इव स्थित्वा सर्वेषां रक्षायाः उपायान् चिन्तयिष्यामि, योजना निर्मीय च स्वसभायां विविधपदमलङ्कुर्वाणैः जन्तुभिश्च मिलित्वा रक्षोपायान् क्रियान्वितान् कारयिष्यामि अतः अहमेव वनराजपदप्राप्तये योग्यः।

पदार्थाः – जल्पसि (जल्प्, लट् म.पु.ए.व.) बोल रही हो। अनृतम् (न ऋतं) असत्य। विकत्थनेन (विशिष्टं कथनं विकत्थनम्, तेन) बढ़ा-चढ़ाकर बोलने से। शृण्वन्नेव (शण्वन् + एव) सुनकर ही। पोषयित्वा (पोष् + णिच् +क्त्वा) पटक-पटक कर। विधूय (वि + धूञ् + ल्यप्) खींचकर। स्थितप्रज्ञः (स्थिता प्रज्ञा यस्य सः) संशय रहित बुद्धि वाला। अविचलः (न विचलः) स्थिर। विविधपदमलङ्कुर्वाणैः (विविधाः ये पदाः तान् अलङ्कुर्वन्ति इति) विभिन्न पदों को शोभित करने वाले।

हिन्दी अनुवाद - **कौआ** –अरे! अरे! क्या बोल रही हो? यदि मैं काले रंग का हूँ तो क्या तुम गोरे अंग वाली हो? और क्या यह भूल गयी कि मेरी सत्यप्रियता (सच बोलने की आदत) तो लोगों के लिए उदाहरणस्वरूप है – 'झूठ बोले कौआ काटे' (इस प्रसिद्ध उक्ति के रूप में।) हमारी मेहनत और एकता संसार में प्रसिद्ध ही है और कौआ जैसी चेष्टा रखने वाला विद्यार्थी ही आदर्श छात्र माना जाता है।

कोयल – रुको, रुको, अतिशयोक्ति (मत करो)। क्या यह भूल गये कि –

कौआ भी काला है, कोयल भी काली है, कौआ व कोयल में क्या अन्तर है? वसन्त समय आने पर कोयल, कोयल होती है और कौआ, कौआ ही रहता है।

कौआ –अरे कोयल! यदि मैं तुम्हारी सन्तान का पालन न करूं, तो कोयल कहाँ रहेगी? अतः मैं ही करुणावान्, पक्षिओं का राजा कौआ हूँ।

हाथी - (पास ही आता हुआ) अरे! अरे! सारी बात सुनकर ही मैं यहाँ आया हूँ। मैं विशाल शरीरवाला, बलशाली, तथा पराक्रमी हूँ। शेर हो या और कोई भी हो। जंगली पशुओं को पीड़ित करने वाले प्राणियों को मैं अपनी सूंड से पटक-पटक कर मार दूंगा। क्या कोई भी अन्य (पशु) ऐसा पराक्रमी है अतः मैं ही वनराज-पद के योग्य हूँ।

बन्दर - अरे/ अरे! ऐसा क्या? (शीघ्र ही हाथी की पूंछ को भी खींचकर वृक्ष पर चढ़ जाता है।)

(हाथी उस वृक्ष को ही अपनी सूंड़ से हिलाना चाहता है परन्तु बन्दर तो कूदकर दूसरे पेड़ पर चढ़ जाता है। इस प्रकार हाथी को एक वृक्ष से दूसरे वृक्ष पर दौड़ते हुये देखकर शेर भी हँसता है और कहता है –

शेर -   अरे हाथी! मुझे भी ये बन्दर ऐसे ही पीड़ित कर रहे थे।

बन्दर - इसीलिए तो कहता हूँ कि मैं ही वनराज पद के योग्य हूँ क्योंकि विशालकाय, पराक्रमी तथा भयंकर शेर व हाथी को हराने में हमारी जाति ही सक्षम है। अतः वन्यप्राणियों की रक्षा के लिए हम ही समर्थ है।

(यह सब सुनकर नदी के मध्य से एक बगुला (कहता है)

बगुला –अरे! अरे! मुझे छोड़कर कोई भी राजा कैसे हो सकता है? मैं तो ठण्डे पानी में बहुत समय तक स्थिर, ध्यानमग्न तथा संशयरहित रहकर सभी की रक्षा के उपाय सोचूँगा और योजना बनाकर अपनी सभा में विविध पदों को विभूषित करने वाले प्राणियों से मिलकर रक्षा के उपायों को क्रियान्वित करूँगा। अतः मैं ही वनराज-पद की प्राप्ति के योग्य हूँ।

अभ्यासप्रश्नाः –

(I) एकपदेन उत्तरत-

(i) कस्य सत्यप्रियता जनैः उदाहरणरूपेण गृह्यते?

(ii) गजस्य पुच्छं कः धुनोति?

(I) पूर्णवाक्येन उत्तरत –

(i) बकः स्वविषये किं वदति?

(i) कः आदर्शच्छात्रः मन्यते?

(I) यथानिर्देशमुत्तरत –

(i) 'ऋतम्' इत्यस्य विपर्ययपदं किमस्ति?

(ii) 'कथयामि' इति क्रियापदस्य कर्तृपदं किमस्ति?

(iii) 'प्रसिद्धम्' इत्यस्य किं पर्यायपदम् अत्र प्रयुक्तम्?

मूलपाठः – **मयूरः** – (वृक्षोपरितः-साट्टहासपूर्वकम्) **विरम, विरम, आत्मश्लाघायाः। किं न जानासि यत्** –

यदि न स्यान्नरपतिः सम्यङ्नेता ततः प्रजा।
अकर्णधारा जलधौ विप्लवेतेह नौरिव॥

को न जानाति तव ध्यानावस्थाम्। 'स्थितप्रज्ञ' इति व्याजेन वराकान् मीनान् छलेन अधिगृह्य क्रूरतया भक्षयसि। धिक् त्वाम्। तव कारणात् तु सर्वं पक्षिकुलमेवावमानितं जातम्।

वानरः - (सगर्वम्) **अतएव कथयामि यत् अहमेव योग्यः वनराजपदाय। शीघ्रमेव मम राज्याभिषेकाय तत्पराः भवन्तु सर्वे वन्यजीवाः।**

मयूरः - अरे वानर! तूष्णीं भव। कथं त्वं योग्यः वनराजपदाय? पश्यतु पश्यतु मम शिरसि राजमुकुटमिव शिखां स्थापयता विधात्रा एवाहं पक्षिराजः कृतः अतः वने निवसन्तं मां वनराजरूपेणापि द्रष्टुं सज्जाः भवन्तु अधुना यतः कथं कोऽप्यन्यः विधातुः निर्णयम् अन्यथाकर्तुं क्षमः॥

काकः - (सव्यङ्ग्यम्) **अरे अहिभुक्। नृत्यातिरिक्तं का तव विशेषता यत् त्वां वनराजपदाय योग्यं मन्यामहे वयम्।**

मयूरः - यतः मम नृत्यं तु प्रकृतेः आराधना। पश्य! पश्य! मम पिच्छानामपूर्वं सौन्दर्यम् (पिच्छानुद्घाट्य नृत्यमुद्रायां स्थितः सन्) न कोऽपि त्रैलोक्ये मत्सदृशः सुन्दरः। वन्यजन्तुनामुपरि आक्रमणं कर्तारं तु अहं स्वसौन्दर्येण नृत्येन च आकर्षितं कृत्वा वनात् बहिष्करिष्यामि। अतः अहमेव योग्यः वनराजपदाय।

(एतस्मिन्नेव काले व्याघ्रचित्रकौ अपि नदीजलं पातुमागतौ एतं विवादं शृणुतः वदतः च)

व्याघ्रचित्रकौ - अरे किं वनराजपदाय सुपात्रं चीयते? एतदर्थं तु आवामेव योग्यौ। यस्य कस्यापि चयनं कुर्वन्तु सर्वसम्मत्या।

सिंहः- **तूष्णीं भव भोः! युवामपि मत्सदृशौ भक्षकौ न तु रक्षकौ। एते वन्यजीवाः भक्षकं रक्षकपदयोग्यं न मन्यन्ते अतएव विचारविमर्शः प्रचलति॥**

बकः - सर्वथा सम्यगुक्तम् सिंहमहोदयेन। वस्तुतः एव सिंहेन बहुकालपर्यन्तं शासनं कृतं परमधुना तु कोऽपि पक्षी एव राजेति निश्चेतव्यम् अत्र तु संशीतिलेशस्यापि अवकाशः एव नास्ति।

सर्वे पक्षिणः - (उच्चैः) **आम् आम्- कश्चित् खगः एव वनराजः भविष्यति इति।**

(परं कश्चिदपि खगः आत्मानं विना नान्यं कमपि अस्मै पदाय योग्यं चिन्तयन्ति तर्हि कथं निर्णयः भवेत् तदा तैः सर्वैः गहननिद्रायां निश्चिन्तं स्वपन्तम् उलूक वीक्ष्य विचारितम् यदेषः आत्मश्लाघाहीनः पदनिर्लिप्तः उलूको एवास्माकं राजा भविष्यति। परस्परमादिशन्ति च तदानीयन्तां नृपाभिषेकसम्बन्धिनः सम्भाराः इति।)

सर्वे पक्षिणः सज्जायै गन्तुमिच्छन्ति तर्हि अनायास एव-

काकः - (अट्टहासपूर्णेन-स्वेरण)- **सर्वथा अयुक्तमेतत् यन्मयूर-हंस-कोकिलचक्रवाक-शुक-सारसादिषु पक्षिप्रधानेषु विद्यमानेषु दिवान्धस्यास्य करालवक्त्रस्याभिषेकार्थं सर्वे सन्जाः। पूर्णं दिनं यावत् निद्रायमाणः एषः कथमस्मान् रक्षिष्यति। वस्तुतस्तु -**

स्वभावरौद्रमत्युग्रं क्रूरमप्रियवादिनम्।
उलूकं नृपतिं कृत्वा का नु सिद्धिर्भविष्यति।

पदार्थाः - आत्मश्लाघा (आत्मनः श्लाघा) आत्मप्रशंसा। अकर्णधारः (न कर्णधारः) नाविक के बिना। नौरिव (नौकायाः समम्) नाव के समान। अधिगृह्य (अधि + ग्रह् + ल्यप्) पकड़कर। अवमानितम् - कलंकित। अहिभुक् (अहिं भुनक्ति इति) सर्पभक्षी। पिच्छानाम् - पंखो का। संशीतिलेशः - सन्देहमात्र। स्वभावरौद्रम् (स्वभावेन एव रौद्रः तम्) स्वभाव से ही क्रोधी। चित्रकः - चीता।

हिन्दी अनुवाद- **मयूर** - (वृक्ष के चारों ओर (घूमकर) अट्टहास करते हुये, रुको, रुको, अपनी प्रशंसा से रुको। क्या यह नहीं जानते हो कि यदि राजा अच्छा नहीं है तो उसकी प्रजा उसी प्रकार नष्ट हो जाती है, जैसे नाविक के बिना समुद्र में चलने वाली नौका डूब जाती है। तुम्हारी ध्यान करने की अवस्था को कौन नहीं जानता है? '**स्थितप्रज्ञ**' इस बहाने से बेचारी मछलियों को छल से पकड़कर क्रूरता से खाते हो। तुम्हें धिक्कार है। तुम्हारे कारण तो समस्त पक्षीसमूह कलंकित हो गया है।

बन्दर - (गर्व सहित) इसीलिए कहता हूँ कि मैं ही वनराज-पद के योग्य हूँ। शीघ्र ही मेरे राज्याभिषेक के लिए सभी वन्य-प्राणी तैयार रहें।

मयूर - अरे बन्दर! चुप रहो! तुम वनराज पद के लिए कैसे योग्य हो? देखो, देखो, मेरे सिर पर तो ही राजमुकुट की तरह शिखा स्थापित करने वाले ब्रह्मा के द्वारा ही मैं पक्षीराज बना दिया गया हूँ। अतः वन में रहते हुए मुझको वनराज के रूप में भी देखने के लिए तत्पर रहो। अब इस समय विधाता के निर्णय को बदलने में कौन समर्थ है?

कौआ -(व्यङ्ग्यपूर्वक) अरे सर्वभक्षी! नृत्य से अतिरिक्त तुम्हारी विशेषता है ही क्या? कि तुम्हें हम वनराज-पद के योग्य मानें।

मयूर - क्योंकि मेरा नृत्य तो प्रकृति की आराधना है। देखो, देखो, मेरे पंखो का (यह) अद्वितीय सौन्दर्य (पंखों को फैलाकर नृत्य मुद्रा में स्थित होकर) तीनों लोकों में मेरे समान सुन्दर कोई नहीं है। वन्यप्राणियों पर आक्रमण करने वालों को तो मैं अपने सौन्दर्य तथा नृत्य से आकर्षित करके वन से बाहर कर दूँगा। अतः मैं ही वनराज-पद के योग्य हूँ।

(इसी समय बाघ और चीता भी नदी का पानी पीने के लिए आ गये। इस विवाद को सुनकर कहते हैं -

बाघ और चीता - अरे, क्या वनराज-पद के लिए सुपात्र का चयन हो रहा है? इसके लिए तो हम दोनों ही योग्य हैं। जिस किसी का भी चयन करो, सबको सम्मति से ही (चयन करो।)

शेर - अरे, चुप रहो। तुम दोनों भी मेरे समान ही भक्षक हो न कि रक्षक। ये वन्यप्राणी तो भक्षक को रक्षा के पद के योग्य नहीं मानते। अतः विचार-विमर्श हो रहा है।

बगुला -सिंह महोदय ने बिल्कुल सही कहा। वास्तव में तो सिंह ने बहुत समय तक शासन किया है परन्तु अब तो कोई भी पक्षी ही राजा हो, ऐसा निश्चय किया गया है। इसमें सन्देह-मात्र का भी स्थान नहीं है।

सभी पक्षी - (ऊँची आवाज़ में) - हाँ हाँ, कोई पक्षी ही वनराज होगा। (परन्तु कोई भी पक्षी स्वयं के बिना इस पद के योग्य किसी को नहीं मानता तो कैसे निर्णय होगा? तब उन सब के द्वारा गहरी नींद में सोये उल्लू को देखकर विचार किया गया कि वह आत्मप्रशंसा से विहीन है तथा पद की इच्छा से विमुक्त है। यह ही हमारा राजा होगा। तब वे सब परस्पर एक-दूसरे को राज्याभिषेक सम्बन्धी सामग्रियां लाने के लिए कहते हैं।

(सभी पक्षी तैयारी के लिए जाना चाहते हैं तभी अचानक ही....)

कौआ - (अट्टहासपूर्वक)- यह बिल्कुल अनुचित है कि मयूर-हंस-कोयल-चकवा-तोता तथा सारस आदि मुख्य पक्षियों के विद्यमान होते हुए भी दिन में अन्धे बने हुये भयंकर मुख वाले (उल्लू के लिए) के अभिषेक के लिए सभी तैयार हैं। पूरे दिन भर सोता हुआ यह कैसे हमारी रक्षा करेगा। वास्तव में तो -

स्वभाव से ही क्रोधी अत्यधिक डरावने, क्रूर तथा अप्रिय बोलने वाले उल्लू को राजा बनाकर हमारी क्या सिद्धि होगी, अर्थात् हमारा कौन सा काम बनेगा?

अभ्यासप्रश्नाः -

(I) एकपदेन उत्तरत -

(i) नदीजलं पातुं कौ आगतौ?

(ii) कः करालवक्त्रः अस्ति?

(II) पूर्णवाक्येन उत्तरत -

(i) विधात्रा मयूरं कथं पक्षिराजः कृतः।

(ii) उलूकस्य स्वभावः कीदृशः अस्ति?

(III) यथानिर्देशम् उत्तरत -

(i) 'वराकान् मीनान्' इत्यनयोः विशेषणपदं किम्? (ii) 'भविष्यति' इति क्रियापदस्य कर्तृपदं किम्?

(iii)'रक्षकौ' इति पदस्य विलोमपदं किम्? (iii) 'क्षमः'

मूलपाठः - **(ततः प्रविशति प्रकृतिमाता)**

(सस्नेहम्) भोः भोः प्राणिनः! यूयं सर्वे एव मे सन्ततिः। कथं मिथः कलहं कुर्वन्ति। वस्तुतः सर्वे वन्यजीविनः अन्योन्याश्रिताः। सदैव स्मरत -

ददाति प्रतिगृहणाति, गुह्यमाख्याति पृच्छति।
भुङ्क्ते योजयते चैव षड्विधं प्रीतिलक्षणम्।।

(सर्वे प्राणिनः समवेतस्वरेण) - मातः। कथयति तु भवती सर्वथा सम्यक् पर वयं भवतीं न जानीमः। भवत्याः परिचयः कः?

प्रकृतिमाता - अहं प्रकृतिः युष्माकं सर्वेषां जननी। यूयं सर्वे एव मे प्रियाः। सर्वेषामेव मत्कृते महत्त्वं विद्यते यथासमयं न तावत् कलहेन समयं वृथा यापयन्तु अपितु मिलित्वा एव मोदध्वं जीवनं च रसमयं कुरुध्वम्। तद्यथा कथितम् -

प्रजासुखे सुखं राज्ञः, प्रजानां च हिते हितम्।
नात्मप्रियं हितं राज्ञः, प्रजानां तु प्रियं हितम्।।

अपि च-

अगाधजलसञ्चारी न गर्वं याति रोहितः।
अङ्गुष्ठोदकमात्रेण शफरी फुर्फुरायते।।

अतः भवन्तः सर्वेऽपि शफरीवत् एकैकस्य गुणस्य चर्चां विहाय मिलित्वा प्रकृतिसौन्दर्याय वनरक्षायै च प्रयतन्ताम्।
सर्वे प्रकृतिमातरं प्रणमन्ति मिलित्वा दृढसङ्कल्पपूर्वकं च गायन्ति -

प्राणिनां जायते हानिः परस्परविवादतः।
अन्योन्यसहयोगेन लाभस्तेषां प्रजायते।

हिन्दी अनुवाद - (तभी प्रकृति माता का प्रवेश होता है।)

(स्नेहपूर्वक) अरे ! अरे ! प्राणियों! तुम सब मेरी ही सन्तान हो। क्यों परस्पर कलह कर रहे हो? वास्तव में तो सभी वन्यप्राणी एक-दूसरे पर आश्रित हैं। सर्वदा याद रखो - प्रीति के ये छः लक्षण हैं - देता है, लेता है, रहस्य बताता है, पूछता है, उपभोग करता है तथा संयुक्त करता है (मिलाता है)। भाव यह है कि इन्हीं छः कार्यों से परस्पर प्रीति व सद्भाव बना रहता है।

सभी - (एक स्वर में) हे माता! आप सर्वथा उचित कहती हैं। हम आपको नहीं जानते हैं। आपका क्या परिचय है?

प्रकृतिमाता - मैं प्रकृति, तुम सबकी माता हूँ। तुम सभी मेरे प्रिय हो। मेरे लिए यथासमय सभी का महत्त्व है। इसीलिए कलह में समय को बेकार नष्ट मत करो अपितु मिलकर आपस में प्रसन्नता से रहो और जीवन को आनन्दमय करो। जैसा कि कहा गया है - प्रजा के सुख में ही राजा का सुख है तथा प्रजा के हित में ही राजा का हित है। राजा के लिए अपना हित प्रिय नहीं (बल्कि) प्रजा का हित प्रिय है।

जल की धारा में सञ्चरण करने वाली रोहित (रोहू) नाम की मछली गर्व नहीं करती जबकि अंगूठे के बराबर जल में अर्थात् छाटे से जल में छोटी मछली अत्यधिक उछलती है।

अतः आप सब भी छोटी मछली की तरक एक-एक के गुणों की चर्चा करना त्यागकर आपस में मिल-जुलकर प्रकृति की सुन्दरता एवं वन की रक्षा के लिए प्रयास करें)।

सभी प्रकृतिमाता को प्रणाम करते हैं तथा मिलकर दृढ-संकल्प के साथ गाते हैं - आपस में विवाद करने से प्राणियों की हानि होती है। परस्पर एक-दूसरे का सहयोग करने से उनका लाभ होता है।

विमर्श - भाव यह है कि सभी वन्य प्राणी अपने को श्रेष्ठ मानते हुए वनराज-पद के लिए कलह करते हैं। तब प्रकृतिमाता समझाती है कि परस्पर विवाद से सभी की हानि होती है तथा सहयोग से सभी का लाभ निश्चित है।

अभ्यासप्रश्नाः -

(I) एकपदेन उत्तरत -

(i) प्रजासुखे कस्य हितं विद्यते? (ii) परस्परविवादतः केषां हानिः जायते?

(II) पूर्णवाक्येन उत्तरत -

(i) प्रीतेः लक्षणानि कानि सन्ति? (ii) सर्वेः मिलित्वा किं करणीयम्?

(III) यथानिर्देशम् उत्तरत -

(i) 'युष्माकं' इति सर्वमामस्थाने संज्ञा पदं लिखत।

(ii) 'अप्रियं' इत्यस्य किं विपर्यय पदम् अत्र प्रयुक्तम्?

(iii) 'त्यक्त्वा' इत्यस्य किं समानार्थकपदम् अत्र लिखितम्?

अष्टमः पाठः

विचित्रः साक्षी

पाठपरिचय - यह पाठ विख्यात लेखक ओमप्रकाश ठाकुर द्वारा रचित कथा का सम्पादित अंश है। यह कथा बंग-साहित्यकार बंकिमचन्द्र चटर्जी के द्वारा न्यायाधीश के रूप में दिये गये निर्णय पर आधारित है। न्यायाधीश सत्य-असत्य के निर्णय हेतु कभी-कभी वैसी युक्तियों का प्रयोग करते हैं जिनके कारण प्रमाण के बिना भी न्याय सम्भव हो पाये। इस कथा में भी न्यायाधीश ऐसा ही मार्ग अपनाकर न्याय करता है।

मूलपाठः - **कश्चन निर्धनो जनः भूरि परिश्रम्य किञ्चितद् वित्तमुपार्जितवान्। तेन वित्तेन स्वपुत्रम् एकस्मिन् महाविद्यालये प्रवेशं दापयितुं सफलो जातः। तत्तनयः तत्रैव छात्रावासे निवसन् अध्ययने सङ्लग्नः समभूत्। एकदा स पिता तनूजस्य रुग्णतामाकर्ण्य व्याकुलो जातः, पुत्रं द्रष्टुं च प्रस्थितः। परम् अर्थकार्श्येन पीडितः स बसयानं विहाय पदातिरेव प्राचलत्। पदातिक्रमेण सञ्चलन् सायं समयेऽप्यसौ गन्तव्याद् दूरे आसीत्। निशान्धकारे प्रसृते विजने प्रदेशे पदयात्रा न शुभावहा। एवं विचार्य स पार्श्वस्थिते ग्रामे रात्रिनिवासं कर्तुं कञ्चिद् गृहस्थमुपागतः। करुणापरो गृही तस्मै आश्रयं प्रायच्छत्।**

पदार्थाः - कः + चन - (कश्चन - एक/कोई)। भूरि - बहुत। दापयितुम् - (दापि + तुमुन्) दिलाने के लिए। जातः - (जन् + क्त) हो गया। तत्तनयः - (तस्य तनयः) उसका पुत्र। सङ्लग्नः (समभूत्) लग गया। तनूजस्य (तन्वाः जातस्य) पुत्र का। रुग्णतामाकर्ण्य - रोगग्रस्त होने की बात सुनकर। व्याकुलः - (वि + आकुलः) बेचैन। प्रस्थितः - (प्र+ स्था + क्त) चल पड़ा। अर्थकार्श्येन - (गरीबी के कारण)। पदातिरेव - पैदल ही। प्राचलत् - (प्र + चल् + लङ्) चल पड़ा। पदाति -क्रमेण सञ्चलन् - पैदल चलते हुये। असौ - वह। गन्तव्यात् - मंजिल से। निशान्धकारे प्रसृते - रात के अन्धेरे में। विजने प्रदेशे - निर्जन स्थाान में। पदयात्रा - पैदल यात्रा करना। पार्श्वस्थिते - पास के। उपागतः - पहुँचा। गृही - गृहस्थ। आश्रयम् - विश्राम स्थान। प्रायच्छत् - प्रदान किया।

हिन्दी अनुवाद - एक निर्धन व्यक्ति व्यक्ति ने बहुत परिश्रम करके कुछ धन कमाया। उस धन की सहायता से वह अपने पुत्र को एक कॉलेज में प्रवेश दिलाने में सफल हो गया। उसका पुत्र छात्रावास में रहकर पढ़ाई करने लगा। एक बार उसका पिता अपने पुत्र के बीमार होने की बात सुनकर बेचैन हो उठा और पुत्र को देखने के लिए चल पड़ा। लेकिन धन के अभाव से पीड़ित होने के कारण वह बस को छोड़कर पैदल ही चल दिया। पैदल चलता हुआ वह शाम को भी अपने मंजिल से दूर ही था। रात के अन्धेरे में सूनसान इलाके में पैदल चलना ठीक नहीं - ऐसा सोचकर वह पास के गाँव में ही रात्रि-विश्राम करने के लिए किसी गृहस्थ व्यक्ति के पास पहुँचा। उस दयालु गृहस्थ ने उसे रात्रि विश्राम हेतु स्थान प्रदान किया।

अभ्यासप्रश्नाः -

(I) एकपदेन उत्तरत-

(i) कः वित्तम् उपार्जितवान्?
(ii) तत्तनयः कुत्र निवसन् अध्ययने सङ्लग्नः?
(iii) पिता तनूजस्य रुग्णातामाकर्ण्य कीदृशो जातः?
(iv) सः कथं प्रचलत्?

(II) पूर्णवाक्येन उत्तरत-

(i) सः तेन वित्तेन कस्मिन् कार्ये सफलो जातः?
(ii) सः किं विचार्य गृहस्थम् उपागतः?

(III) यथानिर्देशम् उत्तरत-

(i) 'तस्मै' इति सर्वनामपदं कस्मै प्रयुक्तम्?
(ii) 'विजने प्रदेशे' इत्यत्र विशेषणपदं किम्?
(iii) पुत्रशब्दस्य पर्यायं चित्वा लिखत।
(iv) 'धनिकः' इत्यस्य विलोमपदं श्लोकात् चित्वा लिखत।

मूलपाठः - **विचित्रा दैवगतिः। तस्यामेव रात्रौ तस्मिन् गृहे कश्चन चौरः गृहाभ्यन्तरं प्रविष्टः। तत्र निहितामेकां मञ्जूषाम् आदाय पलायितः। चौरस्य पादध्वनिना प्रबुद्धोऽतिथिः चौरशङ्कया तमन्वधावत् अगृह्णाच्च, परं विचित्रमघटत। चौरः एव उच्चैः क्रोशितुम् आरभत- 'चौरोऽयम्, चौरोऽयम्' इति। तस्य तारस्वरेण प्रबुद्धाः ग्रामवासिनः स्वगृहाद् निष्क्रम्य तत्रागच्छन् वराकमतिथिमेव च चौरं मत्वाऽभर्त्सयन्। यद्यपि ग्रामस्य आरक्षी एव चौर आसीत्। तत्क्षणमेव रक्षापुरुषः तम् अतिथिं चौरोऽयम् इति प्रख्याप्य कारागृहे प्राक्षिपत्।**

पदार्थाः - विचित्रा - आश्चर्यमयी। दैवगतिः - भाग्य की गति। गृहाश्चन्तरम् - घर के अन्दर। निहिताम् - रखी हुयी। मञ्जूषाम् - पेटी को। आदाय - लेकर। पलायितः - (परा + अय + क्त) भाग गया। प्रबुद्धः - जागृत। तम् अन्वधावत् - (अनु + धाव् + लङ्) उसके पीछे दौड़ पड़ा। अगृह्णाच्च - और उसे पकड़ लिया। क्रोशितुम् आरभत - चिल्लाने लगा। तारस्वरेण - उँची आवाज से। निष्क्रम्य - (निर् + क्रम् + ल्यप्) निकलकर। वराकम् - बेचारा। अभर्त्सयन् - कोसने लगे/निन्दा करने लगे। आरक्षी - कोतवाल। तत्क्षणमेव - तभी। प्राक्षिपत् - (प्र + क्षिप् + लङ्) डाल दिया।

हिन्दी अनुवाद - भाग्य की गति विचित्र है। उसी रात उस घर में एक चोर घुस गया और वहाँ रखी एक पेटी लेकर भागने लगा। चोर के पैरों की आहट से जागकर चोर की आशंका से वह अतिथि उसके पीछे दौड़ पड़ा और उसे पकड़ लिया। पर, तभी एक विचित्र घटना हुयी। वह चोर ही उल्टा जोर-जोर से चिल्लाने लगा- 'यह चोर, यह चोर'। उसकी ऊँची आवाज से जागकर सारे गाँववासी अपने-अपने घर से निकल कर वहाँ आ पहुँचे और उस अतिथि को ही चोर समझकर उसे कोसने लगे। हालांकि, वह कोतवाल ही चोर था। उस कोतवाल ने अतिथि को चोर के रूप में प्रचारित कर उसे जेल में डाल दिया।

अभ्यासप्रश्नाः -

(I) एकपदेन उत्तरत-

(i) चौरः कुत्र प्रविष्टः?
(ii) तत्र काम् आदाय पलायितः?
(iii) अतिथिः केन प्रबुद्धः?
(iv) चौरः किं क्रोशितुम् आरभत?

(II) पूर्णवाक्येन उत्तरत-

(i) ग्रामवासिनः कम् अभर्त्सयन्?
(ii) यद्यपि कः चौरः आसीत्?

(III) यथानिर्देशम् उत्तरत-

(i) 'तस्य' इति सर्वनाम कस्मै प्रयुक्तम्?
(ii) 'पलायितः' इतिक्रियायाः कर्ता कः?
(iii) 'विचित्रा दैवगतिः' इत्यत्र विशेष्यपदं किम्?
(iv) 'आरक्षी' इत्यस्य पर्यायं चित्वा लिखत?

मूलपाठः - **अग्रिमे दिने स आरक्षी चौर्याभियोगे तं न्यायालयं नीतवान्। न्यायाधीशो बंकिमचन्द्रः उभाभ्यां पृथक्-पृथक् विवरणं श्रुतवान्। सर्वं वृत्तमवगत्य स तं निर्दोषम् अमन्यत् आरक्षिणं च दोषभाजनम्। किन्तु प्रमाणाभावात् स निर्णेतुं नाशक्नोत्। ततोऽसौ तौ अग्रिमे दिने उपस्थातुम् आदिष्टवान्। अन्येद्युः तौ न्यायालये स्व-स्व-पक्षं पुनः स्थापितवन्तौ। तदैव कश्चिद् तत्रत्यः कर्मचारी समागत्य न्यवेदयत् यत् इतः क्रोशद्वयान्तराले कश्चिज्जनः केनापि हतः। तस्य मृतशरीरं राजमार्गं निकषा वर्तते। आदिश्यतां किं करणीयमिति। न्यायाधीशः आरक्षिणम् अभियुक्तं च तं शवं न्यायालये आनेतुमादिष्टवान्।**

पदार्थाः - चौर्याभियोगे - (चौर्यस्य अभियोगे) चोरी के आरोप में। उभाभ्याम् - दोनों से। वृत्तमवगत्य - (अव + गम् + क्त) - वृत्तान्त जानकर। अमन्यत - माना। दोषभाजनम् - दोषी। नाशक्नोत् - (शक् +लङ् - अशक्नोत्) नहीं (कर) सके। असौ - (अदस् + सु) वह (न्यायाधीश)। उपस्थातुम् - (उप + स्था + तुमुन्) उपस्थित होने के लिए। अन्येद्युः - (अन्यस्मिन् दिने) किसी और दिन। तत्रत्यः - वहाँ का। न्यवेदयत् - निवेदन किया। इतः क्रोशद्वयान्तराले - (क्रोशद्वयस्य अन्तराले) यहाँ से दो कोस की दूरी पर। हतः - (हन् + क्त) मार दिया गया है। निकषा - निकट। आदिश्यताम् - आदेश दें। अभियुक्तम् - आरोपी को।

हिन्दी अनुवाद - अगले दिन वह कोतवाल चोरी के आरोप में उस अतिथि को न्यायालय में ले गया। न्यायाधीश बंकिम चन्द्र ने

दोनों से अलग-अलग घटना का ब्योरा सुना। सारा वृत्तान्त जानकर उन्होंने अतिथि को निर्दोष एवं कोतवाल को दोषी माना। लेकिन साक्ष्य के अभाव में वह निर्णय नहीं दे पाये। फिर उन्होंने दोनों को अगले दिन उपस्थित होने के लिए कहा। अगले दिन उन दोनों ने फिर से अपना-अपना पक्ष रखा। तभी वहाँ का एक कर्मचारी आकर निवेदन करता है कि यहाँ से दो कोस की दूरी पर कोई व्यक्ति किसी के द्वारा मार दिया गया है। उसका शव राजमार्ग के पास पड़ा है। अब आप आदेश दें कि क्या किया जाये? फिर न्यायाधीश ने कोतवाल और आरोपी को वह शव लाने का आदेश दिया।

अभ्यासप्रश्नाः -

(I) एकपदेन उत्तरत-

(i) कः उभाभ्यां विवरणं श्रुतवान्? (ii) कस्मात् कारणात् सः निर्णेतुं नाशक्नोत्?

(iii) कदा तौ स्वस्वपक्षं पुनः स्थापितवन्तौ? (iv) तस्य मृतशरीरं कं निकषा वर्तते?

(II) पूर्णवाक्येन उत्तरत-

(i) न्यायाधीशः कं निर्दोषं, कं च दोषभाजनम् अमन्यत?

(ii) कर्मचारी समागत्य किं न्यवेदयत्?

(III) यथानिर्देशम् उत्तरत-

(i) 'तौ' इति सर्वनामपदं काभ्यां प्रयुक्तम्? (ii) 'असौ' इति कर्तृपदेन कस्याः क्रियाः अन्वयः?

(iii) 'निकटम्' इत्यर्थे किं पदम् अनुच्छेदे प्रयुक्तम्? (iv) 'निर्दोषम्' इत्यस्य किं विलोमपदमत्र प्रयुक्तम्?

मूलपाठः - **आदेशं प्राप्य उभौ प्राचलताम्। तत्रोपेत्य काष्ठपटले निहितं पटाच्छादितं देहं स्कन्धेन वहन्तौ न्यायाधिकरणं प्रति प्रस्थितौ। आरक्षी सुपुष्टदेह आसीत्, अभियुक्तश्च अतीव कृशकायः। भारवतः शवस्य स्कन्धेन वहनं तत्कृते दुष्करम् आसीत्। स भारवेदनया क्रन्दति स्म। तस्य क्रन्दनं निशम्य मुदितः आरक्षी तमुवाच- 'रे दुष्ट! तस्मिन् दिने त्वयाऽहं चोरिताया मञ्जूषाया ग्रहणाद् वारितः। इदानीं निजकृत्यस्य फलं भुङ्क्ष्व। अस्मिन् चौर्याभियोगे त्वं वर्षत्रयस्य कारादण्डं लप्स्यसे।'' इति प्रोच्य उच्चैः अहसत्। यथाकथञ्चिद् उभौ शवमानीय एकस्मिन् चत्वरे स्थापितवन्तौ।**

पदार्थाः - उभौ - दोनों। प्राचलताम् = (प्र + चल् + लङ्) चल पड़े। तत्रोपेत्य - (तत्र + उपेत्य, उप + इण् + ल्यप्) सम्प्राप्य, वहाँ पहुँच कर। काष्ठपटले - तख्त पर। निहितम् - (स्थापितम्) रखे हुये। पटाच्छादितम् - (पटेन आच्छादितम्) कपड़े से ढके हुये। न्यायाधिकरणम् - न्यायालय की ओर। सुपुष्टदेहः - (सुपुष्टः देहः यस्य) स्थूल शरीर वाला। कृशकायः (कृशः कायः यस्य) दुबला-पतला। भारवतः - भारी। तत्कृते - उसके लिए। भारवेदनया - भार की पीड़ा से। निशम्य - (नि + शम् + ल्यप्) सुनकर। मुदितः - हर्षित। उवाच - (वच् + लिट्) बोला। वारितः - रोका गया। निजकृत्यस्य - अपने किये का। भुङ्क्ष्व - भोगो। चौर्याभियोगे - चोरी के आरोप में। लप्स्यसे - (लभ् + लृट्) पाओगे। प्रोच्य = (प्र + वच् + ल्यप्) बोलकर। यथाकथञ्चिद् - किसी प्रकार। चत्वरे - चबूतरे पर।

हिन्दी अनुवाद - आदेश पाकर दोनों चल पड़े। वहाँ पहुँच कर एक तख़्त पर रखे कपड़े से ढके, उस शरीर को कन्धे से ढोते हुये वे दोनों न्यायालय की ओर चल पड़े। कोतवाल हृष्ट-पुष्ट शरीर का था और आरोपी दुबला-पतला इसलिए भारी शव को कन्धे पर ढोना उसके लिए कठिन था। वह भार की पीड़ा से रो रहा था। उसका रोना सुनकर खुश होता हुआ कोतवाल बोला - अरे दुष्ट, उस दिन तूने मेरे द्वारा चुरायी गयी पेटी को ले जाने से मुझे रोका, अब अपने किये का फल भोग, इस चोरी के आरोप में तू तीन साल की जेल की सजा पायेगा। ऐसा, कहकर वह जोर से हँसने लगा। किसी प्रकार उन दोनों ने शव लाकर एक चबूतरे पर रखा।

अभ्यासप्रश्नाः -

(I) एकपदेन उत्तरत-

(i) आदेशं प्राप्य कौ प्राचलताम्?

(ii) कीदृशं देहं वहन्तौ तौ प्रस्थितौ?

(iii) अभियुक्तः कीदृशः आसीत्?

(iv) सः कया क्रन्दति स्म?

(II) पूर्णवाक्येन उत्तरत-

(i) मुदितः आरक्षी तं किम् उवाच? (ii) उभौ शवं कुत्र स्थापितवन्तौ?

(III) यथानिर्देशम् उत्तरत-

(i) 'त्वम्' इति कस्मै प्रयुक्तम्? (ii) 'भारवतः शवस्य' इत्यत्र विशेषणं किम्?

(iii) 'मृतशरीरम्' इत्यर्थे किं पदम् अत्र प्रयुक्तम्? (iv) 'दुःखी' इत्यस्य किं विलोमपदम् अत्र प्रयुक्तम्?

मूलपाठः - **न्यायाधीशेन पुनस्तौ घटनायाः विषये वक्तुम् आदिष्टौ। आरक्षिणि निजपक्षं प्रस्तुतवति आश्चर्यमघटत्। स शवः प्रावारकमपसार्य न्यायाधीशमभिवाद्य निवेदितवान् -मान्यवर! एतेन आरक्षिणा अध्वनि यदुक्तं तद् वर्णयामि 'त्वयाऽहं चोरितायाः मञ्जूषायाः ग्रहणाद् वारितः, अतः निजकृत्यस्य फलं भुङ्क्ष्व। अस्मिन् चौर्याभियोगे त्वं वर्षत्रयस्य कारादण्डं लप्स्यसे इति। न्यायाधीशः आरक्षिणे कारादण्डमादिश्य तं जनं ससम्मानं मुक्तवान्। अतएवो-च्यते-**

दुष्कराण्यपि कर्माणि मतिवैभवशालिनः।
नीतिं युक्तिं समालम्ब्य लीलयैव प्रकुर्वते॥

पदार्थाः - प्रावारकम् - (प्र + आ + वृ + णिच् + ण्वुल्) आच्छादन वस्त्र। अपसार्य - हटाकर। अभिवाद्य - अभिवादन/प्रणाम कर। अध्वनि - (अध्वन् + ङि) मार्ग में। आदिश्य - आदेश देकर। ससम्मानम् - सम्मानपूर्वक। मुक्तवान् - छोड़ दिया। दुष्कराणि - कठिन। मतिवैभवशालिनः - (मतिः एव वैभवं तेन शालन्ते शोभन्ते) बुद्धिसम्पदा से सम्पन्न व्यक्ति। समालम्ब्य - अपनाकर। लीलयैव - अनायास ही/बिना अधिक श्रम के ही। प्रकुर्वते - (प्र +कृ + लट्) कर डालते हैं।

हिन्दी अनुवाद - न्यायाधीश ने फिर उस घटना के विषय में बतलाने के लिए उन्हें आदेश दिया। कोतवाल के द्वारा अपना पक्ष रखे जाने पर एक अद्भुत घटना घटित हुयी। उस मृत व्यक्ति ने ओढ़नी हटाकर न्यायाधीश को अभिवादन करते हुये उनसे निवेदन किया - 'हे मान्यवर, इस कोतवाल ने रास्ते में जो कुछ कहा, वह मैं बताता हूँ। इसने कहा कि तूने मेरे द्वार चुरायी गयी पेटी को ले जाने से मुझे रोका था, इसलिए अब अपने किये का फल भोग। इस चोरी के आरोप में तू तीन साल की जेल की सजा पायेगा।' (ऐसा सुनकर) न्यायाधीश ने कोतवाल को जेल की सजा देकर उस व्यक्ति को सम्मान के साथ छोड़ दिया।

इसीलिए कहा जाता है कि बुद्धिसम्पन्न व्यक्ति कठिन कार्यों को भी नीति और तर्क से बिना श्रम के ही कर डालते हैं।

अभ्यासप्रश्नाः -

(I) एकपदेन उत्तरत-

(i) न्यायाधीशेन पुनः वक्तुं कौ आदिष्टौ?

(ii) सः शवः किम् अपसार्य निवेदितवान्?

(iii) न्यायाधीशः कं ससंम्मानं मुक्तवान् ?

(iv) मतिवैभवशालिनः कानि लीलया प्रकुर्वतौ?

(II) पूर्णवाक्येन उत्तरत-

(i) आरक्षिणा अध्वनि किमुक्तम्?

(ii) कदा आश्चर्यम् अघटत?

(III) यथानिर्देशम् उत्तरत-

(i) 'त्वया' इति सर्वनाम कस्मै प्रयुक्तम्?

(ii) 'चोरितायाः मञ्जूषायाः' इत्यत्र विशेषणं किम्?

(iii) 'लप्स्यसे' इति क्रियायाः कर्ता कः?

(iv) 'कठिनानि' इत्यर्थे किं पदम् अत्र प्रयुक्तम्?

नवमः पाठः

सूक्तयः

पाठ परिचय – यह पाठ मूलतः तमिल भाषा के 'तिरक्कुरल्' नामक ग्रन्थ से लिया गया है। यह ग्रन्थ तमिलभाषा का 'वेद' कहा जाता है। इसके रचयिता हैं – तिरुवल्लुवर। इनका जीवनकाल प्रथम शताब्दी ई. स्वीकार किया जाता है। धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष – इन चार पुरुषार्थों का विवेचन करने वाला यह ग्रन्थ तीन भागों में विभाजित है। 'तिरु' शब्द का अर्थ है – 'श्री' अर्थात् शोभा। इस प्रकार 'तिरक्कुरल्' शब्द का अभिप्राय है – शोभा-संस्कार युक्त वाणी। इस ग्रन्थ में मानवमात्र के लिए जीवनोपयोगी मूल्यों का वर्णन सरस, बोधगम्य पद्यों के द्वारा किया गया है।

श्लोकः – **पिता यच्छति पुत्राय बाल्ये विद्याधनं महत्।**
पिताऽस्य किं तपस्तेपे इत्युक्तिस्तत्कृतज्ञता।1॥

अन्वयः – पिता पुत्राय बाल्ये महद् विद्याधनम् यच्छति पिता किम् तपः तेपे इत्युक्तिः तत्कृतज्ञता।

पदार्थाः – बाल्ये – (बालस्य भावः बाल्यम्, तत्र प्रथमेवयसि इत्यर्थः) बाल्यावस्था में। महद् – उत्तमम्। विद्याधनम् – (विद्या एव धनम्) शिक्षारूप सम्पत्ति। यच्छतिः – (ददाति, दा + लट्) देता है। 'पुत्राय' इत्यत्र 'दा' धातु योगे चतुर्थी। किं तपः – (कीदृशम् अनिर्वचनीयं तपः) कैसी अवर्णनीय तपस्या। तेपे – (तप + लिट्) तप किया। इत्युक्तिः – (इति + उक्तिः, वच् +लिट्) ऐसा लोगों के द्वारा कथन। तत्कृतज्ञता – (तस्य विद्याधनप्रदान-कर्तुः पितुः कृते कृतज्ञता-ज्ञापनम् एव) उस पिता के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन।

हिन्दी अनुवाद – पिता पुत्र को बचपन में उत्तम विद्या अथवा शिक्षारूपी धन प्रदान करता है। (उस उत्तम शिक्षा के फलस्वरूप पुत्र के योग्य होने पर, लोगों के द्वारा) इसके पिता ने (न जाने) कौन सी तपस्या की है – ऐसा कहना, उस (शिक्षा प्रदायक) पिता के प्रति कृतज्ञता (ज्ञापन) ही है।

